कोटद्वार, रविवार
11 फरवरी 2024
वर्षः 45
अंकः 279 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# पीएम मोदी ने 17वीं लोकसभा के आखिरी सत्र को किया संबोधित

## बोले– 5 साल रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का रहा



नई दिल्ली ,संसद के बजट सत्र के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में कई बड़े फैसले हुए। यह पांच साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के थे। उन्होंने सदन के सभी सदस्यों का अभिवादन किया। पीएम मोदी ने कहा कि 17वीं लोकसभा में 5 वर्ष देश सेवा में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय किए गए और अनेक चुनौतियों का सामना करते हुए भी सबने अपने सामर्थ्य से देश को उचित दिशा देने का प्रयास किया।

पीएम मोदी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की तारीफ करते हुए कहा, हर पल आपका चेहरा हमेशा मुस्कान से भरा रहता है, चाहे कुछ भी हो जाए उस मुस्कान में कमी नहीं आई। उन्होंने कहा, संसद का नया भवन हो इसकी चर्चा सदन में होती थी, लेकिन इस पर निर्णय नहीं होता था। सभापति महोदय आपके नेतृत्व में इस पर विचार और निर्णय हुआ। इसके बाद अब देश को नया संसद भवन मिला है।पीएम मोदी ने कहा, मैं माननीय सांसदों का भी इस बात के लिए आभार व्यक्त करता हूं कि संकट काल में देश की आवश्यकताओं को देखते हुए सांसद निधि छोड़ने का प्रस्ताव जब मैंने माननीय सांसदों के सामने रखा, तो एक पल के विलंब के बिना सभी सांसदों ने इस प्रस्ताव को मान लिया।

## एक नजर

### हल्द्वानी हिंसा के 36 घंटे बाद कर्फ्यू में ढील, यहां रहेंगी ये पाबंदियां

हल्द्वानी। हल्द्वानी हिंसा के बाद जिला प्रशासन ने शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए शहर में कर्फ्यू लगा दिया था। कर्फ्यू को लेकर शनिवार सुबह बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। वनभूलपुरा में हिंसा भड़कने के बाद हल्द्वानी में लगे कर्फ्यू में ढील दी गई है। वर्तमान हालातों के मद्देनजर 36 घंटे बाद कर्फ्यू के दायरे को हिंसाग्रस्त इलाके के आस–पास तक सीमित कर दिया गया है। जबकि, प्रशासन की ओर से शहर के अन्य हिस्सों में वाहनों के संचालन और दुकानें खोलने की अनुमति प्रदान की गई है। अब सिर्फ वनभूपुरा से आर्मी कैंट, तिकोनिया तक ही रहेगा कर्फ्यू रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने इस आशय के आदेश जारी करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।एडीजी एपी अंशुमन ने बताया कि हल्द्वानी के वनभूलपुरा इलाके में हुई घटना के बाद हल्द्वानी में हालत सामान्य हैं। बाहरी क्षेत्रों से कर्फ्यू हटा दिया गया है। केवल वनभूलपुरा क्षेत्र में कर्फ्यू जारी है। उपद्रवियों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

#### कर्फ्यूग्रस्त क्षेत्र के अलावा अन्य जगहों गैस की आपूति सुचारू

हल्द्वानी में कर्फ्यू क्षेत्र के अलावा अन्य स्थानों में रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू कर दी गई है। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक एपी बाजपेई ने बताया कि कर्फ्यू क्षेत्र के अलावा अन्य जगहों रसोई गैस की आपूर्ति सुचारू है। उन्होंने कहा कि इंटरनेट सेवा बाधित होने के चलते वर्तमान में ऑनलाइन गैस बुकिंग की सुविधा बंद है। ऐसे में उपभोक्ता गैस एजेंसी में सीधे संपर्क कर गैस की बुकिंग करा सकते हैं। एमडी ने कहा कि इंटरनेट सेवा सुचारू होने तक उपभोक्ता गैस एजेंसी में जाकर अथवा कॉल करके गैस बुक करा सकते हैं।

### दो ट्रकों और निजी बस के बीच भीषण भिड़ंत, छह लोगों की मौत

विजयवाड़ा ,आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में शनिवार तड़के दो ट्रकों और एक निजी बस की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना कावली–मुसुनुरु टोल प्लाजा के पास उस समय हुई जब ट्रक और बस की आमने–सामने टक्कर हो गई।

### गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा बयान, लोकसभा चुनाव 2024 से पहले देश में लागू होगा सीएए

नई दिल्ली ,केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज बड़ा बयान देते हुए कहा कि नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए 2024 लोकसभा चुनाव से पहले लागू होगा। चुनाव से पहले ही इसे की अधिसूचना जारी हो जाएगी।

उन्होंने कहा, मैं साफ कर देना चाहता हूं कि सीएए किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनेगा। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक उत्पीडऩ का सामना कर रहे पाकिस्तानी, अफगानिस्तानी और बांग्लादेशी अल्पसंख्यकों को नागरिकता देना है।

गृहमंत्री ने कहा कि बीजेपी का लक्ष्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य केवल आर्थिक विकास से ही नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के माध्यम से भी प्राप्त किया जाएगा। अमित शाह ने आगामी चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दूरदर्शी एजेंडे को रेखांकित करते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा, आजाद भारत में पहली बार यह पहला चुनाव होगा, जो मजबूत भविष्य को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत2047 के एजेंडे पर लड़ा जाएगा।

### मांझी ने की स्पष्ट की स्थिति, कहा– हमारे विधायक एनडीए के समर्थन में

पटना , बिहार की सियासत में चल रही गहमा–गहमी के बीच एनडीए में शामिल हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शनिवार को स्पष्ट किया कि उनके चारों विधायक एनडीए सरकार के समर्थन में हैं और अगर जरूरत पड़ी तो फ्लोर टेस्ट में नीतीश सरकार के पक्ष में वोट देंगे।

इससे पहले शनिवार को महागठबंधन में शामिल भाकपा माले के दो विधायक महबूब आलम और सत्यदेव राम पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी से मिलने पहुंचे थे, जिसके बाद कई तरह की चर्चाएं शुरू हो गई थी।

इसके बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान मांझी ने कहा कि लोग आते रहते हैं और मिलते–जुलते रहते हैं। किसी को मना नहीं कर सकते। अगर किसी के आने से और मिलने से किसी प्रकार के संशय की स्थिति बनती है तो वह मांझी को नहीं समझा है। हम जहां हैं, वहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि दो विधायक पटना से बाहर हैं, वे भी रविवार तक पटना पहुंच जाएंगे।

# पाकिस्तान में चुनाव के बीच इमरान खान को बड़ी राहत, कोर्ट ने 12 मामलों में दी जमानत



इस्लामाबाद , पाकिस्तान में आम चुनाव के बीच इमरान खान को बड़ी राहत मिली है। एक तरफ आम चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवारों ने ज्यादातर सीटों पर जीत दर्ज की जिनमें से अधिकांश इमरान खान की पार्टी के समर्थन में हैं, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान की अदालत ने इमरान खान को जमानत दे दी है।

जानकारी के मुताबिक, पिछले साल मई में सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों से संबंधित 12 मामलों में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी को जमानत दे दी गई है। बता दें कि बीते साल 9 मई को हुई हिंसा को लेकर इमरान खान समेत पीटीआई के कई अन्य नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। दरअसल इस्लामाबाद में इमरान खान की गिरफ्तारी हो गई थी। इसके बाद उनके समर्थकों ने हिंसक प्रदर्शन शुरू कर दिया। इमरान के समर्थक रावलपिंडी में सेना के परिसर में घुस गए और जमकर तोडफ़ोड़ की। आरोप था कि इमरान खान के जमन पार्क स्थित आवास के बाहर पुलिसकर्मियों के साथ बदसलूकी की गई। इसके अलावा लाहौर के पुलिस थाने पर भी हमला किया गया।

हिंसा के बाद इमरान खान के 100 से ज्यादा समर्थकों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं 2022 में इमरान खान की सरकार गिर गई। इसके बाद कई मामलों में उन्हें दोषी करार दिया गया और कई साल कैद की सजा सुना दी गई। कोर्ट ने इमरान खान को चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करदिया। वहीं उनकी पार्टी का निशान बैट भी जब्त कर लिया गया। तोशाखाना केस में इमरान खान को तीन साल की सजा सुनाई गई थी।

हाई कोर्ट ने उनकी सजा रद्द कर दी लेकिन तब तक दूसरे मामले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# सीएम ने अल्मोड़ा में किया 20213.60 लाख की योजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास

### समान नागरिक संहिता पूरे राज्यवासियों के हितों के लिए

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अल्मोड़ा के हवालबाग में आयोजित आजीविका महोत्सव (दीदी भुली हाथ लगाल, उत्तराखंडक हौल अमृत काल) में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कुल 20213.60 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिनमें 11702.67 लाख की योजनाओं का लोकार्पण एवं 8510.93 लाख की योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं अन्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री ने देवी शक्ति के स्वरूप 10 कन्याओं का पूजन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रूलर बिजनेस इन्क्यूवेटर में



21 महिला उद्यमियों से सीधे संवाद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) को पारित कर जनता से किया वादा उन्होंने पूरा कर दिया है। उन्होंने समान नागरिक संहिता को देश एवं महिलाओं के विकास में मील का पत्थर कहा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता किसी जाति, धर्म समुदाय के लिए न होकर पूरे राज्यवासियों के हितों के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जनसैलाब हमारे संकल्प में ऊर्जा भरने का काम करता है।

### सीएम ने बांटे 111 करोड़ के ऋण चेक

मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस धनराशि से महिलाओं की आर्थिकी में वृद्धि होगी एवं रोजगार सृजन करने में भी मददगार होंगी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु 111 करोड़ रुपए के ऋण चेक महिलाओं को वितरित किए।

### मुख्यमंत्री ने यह घोषणाएं की

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जो घोषणायें की उनमें भतरौजखान में स्टेडियम का निर्माण, विकासखण्ड लमगड़ा के सर्वोदय इण्टर कालेज में 04 कक्षों का निर्माण कार्य, तिलोरा में सिंचाई पम्पिंग योजना, विकासखण्ड हवालबाग के समीप मिनी स्टेडियम का निर्माण, सल्ट के गुलमरा–गैरखेत मोटर मार्ग का डामरीकरण एवं विकासखण्ड द्वाराहाट के ग्रामसभा सकुनी में शुक्रेश्वर महादेव मन्दिर का जीर्णोद्धार का अवशेष कार्य है।

चंद राजाओं की भूमि सांस्कृतिक विशेषताओं को संजोए हुए हैं। यहां आर्गेनिक कृषि, दुग्ध विकास, एपन की अपनी अलग पहचान है। इन विशेषताओं को गति देकर अल्मोड़ा में विकास का नया आयाम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास के मंत्र पर हमारी सरकार अग्रसर है। कहा कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश में विकास की गंगा बहाने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि प्रदेश है। यहां हमेशा से सुख शांति से लोग जीवन यापन करते हैं। इस देवभूमि की आबोहवा खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि जो भी देवभूमि की छवि खराब करने का प्रयास करेगा उसके साथ सख्ती से निपटा जाएगा। पूरे प्रदेश में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की लगातार कार्रवाई गतिमान है तथा यह इसी प्रकार चलती रहेगी।

# किसी भी देश की उपलब्धियों का सच्चा प्रतिबिम्ब उस देश में स्थित शिक्षण संस्थान होते हैं: राज्यपाल



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को कोर विश्वविद्यालय, रूड़की में विकसित भारत अभियान के तहत ह्यभारत ज्ञान समागम-2024ह्न कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। भारत ज्ञान समागम में देशभर के 20 राज्यों के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और 400 से अधिक शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाचार्यों/प्राचार्यों एवं शिक्षाविदों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षाविदों को सम्मानित किया और समारोह की स्मारिका का भी विमोचन किया।

कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस अभूतपूर्व आयोजन के लिए कोर विश्वविद्यालय की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस समारोह के आयोजन से हमारे समाज एवं ज्ञान-विज्ञान को एक नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की उपलब्धियों का सच्चा प्रतिबिम्ब उस देश में स्थित शिक्षण संस्थान होते हैं। भारत की समृद्धि में हमारी समृद्ध शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालयों का यह सही समय है जब उन्हें अध्ययन, अनुसंधान और समर्पण के माध्यम से आगे बढ़ना है। यह समय हमें अपने विश्वविद्यालयों को तराशने और उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उच्चतर मानकों और दर्शनों के साथ मिलाकर उन्हें विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों में बदलने का समय है। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थाओं को देश के विकास में योगदान देने के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करनी होगी।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा ग्रहण कर रहे हमारे युवाओं का भविष्य संवारने में विश्वविद्यालयों की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे कुशल युवाओं को तैयार करें जो रोजगार ढूंढने वाले न हों बल्कि रोजगार प्रदान करने वाले हों। उन्होंने कहा कि इन्हीं युवाओं के बलबूते हम विश्व गुरू और विश्व भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे।राज्यपाल ने कहा कि शिक्षकों की समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने उपस्थित शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे आने वाली अमृतकाल की पीढ़ी के युवाओं को अपने अनुभवों से तराशें। उन्होंने शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे अपनी ज्ञान गंगा से भारत को नई ऊँचाईयों में ले जाने में अपनी सहभागिता दें।

# गांव चलो अभियान से लोगों तक पहुंचाए सरकार की योजनाएं: बत्रा



रुड़की। भाजपा पश्चिम मंडल की ओर से गांव चलो अभियान के तहत 24 घंटे प्रवास शुरू किया गया। पदाधिकारियों से सरल और नमो ऐप डाउनलोड कराकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देने का आह्वान किया गया। आवास विकास कॉलोनी में बूथ संख्या 48 पर बूथ अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता के निवास पर बूथ समिति और पन्ना प्रमुखों की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा की गई। विधायक प्रदीप बत्रा ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद किया और उन्हें योजनाओं की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष संजीव तोमर ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार लगातार आमजन को लाभ देने का काम कर रही है। पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत का डंका बजाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### रक्षा मंच ने किया हल्द्वानी की घटना का विरोध

देहरादून। भारत रक्षा मंच ने हल्द्वानी में अवैध मदरसा व अन्य निर्माण कार्य हटाने गई पुलिस व प्रशासन की टीम पर हमले की निंदा की है। बद्रीपुर में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक में कार्यवाहक अध्यक्ष केके रैना ने कहा कि जल्द ही इस घटना के विरोध में गांधी पार्क के गेट पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें मंदिर, मठ, गुरुद्वारा, संत समाज, हिंदूवादी संगठनों व प्रमुख सामाजिक संगठन के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा।

### चैंपियन पर सुरक्षाकर्मी को धमकाने का आरोप

देहरादून। पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन पर उनके सुरक्षाकर्मी ने जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए डालनवाला थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि चैंपियन ने जवान के साथ अभद्रता, गालीगलौच और धक्कामुक्की भी की। डालवाला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश गुसाईं के अनुसार पुलिस के जवान गोकुल प्रसाद यादव हाल तैनाती पुलिस लाइन रोशनाबाद हरिद्वार ने तहरीर दी कि वो 30 जनवरी 2024 से चैंपियन की सुरक्षा में तैनात हैं। गुरुवार रात वह देहरादून में चैंपियन के साथ उनके मोहिनी रोड डालनवाला स्थित आवास पर थे। आरोप है कि इस दौरान चैंपियन ने उनके साथ धक्का-मुक्की, मारपीट, गाली-गलौच की। विरोध करने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। यादव हरिद्वार में तैनात हैं, लिहाजा उन्होंने दूसरे दिन हरिद्वार जाकर घटना की जानकारी उच्च अधिकारियों की दी। इसके बाद शनिवार को डालनवाला थाने में केस दर्ज कराया है।

### बुजुर्ग के खाते से ठगों ने चार लाख रुपये उड़ाए

देहरादून। दून निवासी एक बुजुर्ग को बैंक खाते की जानकारी लेने के लिए ऑनलाइन फोन नंबर सर्च करना महंगा पड़ गया। साइबर ठगों ने उन्हें झांसे में लेकर खाते से चार लाख रुपये निकाल लिए। डालनवाला कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राकेश गुसाईं ने बताया कि मामले में सुधीर अवस्थी निवासी सुभाष रोड़ देहरादून ने तहरीर दी है। बताया कि उन्होंने नौ फरवरी को अपने खाते की जानकारी लेने के लिए बैंक का नंबर ऑनलाइन सर्च किया था। इसबीच कुछ लोगों ने उनसे संपर्क किया और खुद को बैंक का कर्मचारी बताया। आरोप है कि ठगों ने उनसे बैंक से संबंधित जरूरी जानकारी हासिल की।

# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

देहरादून। डीआईटी विश्वविद्यालय में शेवेनिंग इंटरनेशनल स्कॉलरशिप एवं डीआईटी यूनिवर्सिटी के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ सचिव राधिका झा, सचिव डॉ बीवीआरसी पुरूषोतम एवं शेवेनिंग भारत की प्रमुख सुप्रिया चावला एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित विशेषज्ञों एवं उच्च अधिकारियों द्वारा उपस्थित छात्र/छात्राओं के सवालों का जवाब दिया। कार्यशाला में शेवेनिंग से स्कॉलरशिप प्राप्त कर रहे छात्रों द्वारा आनलाईन माध्यम से प्रतिभाग करते हुए अपने अनुभव साझा किया।

शेवेनिंग स्कॉलरशिप यूके सरकार का अंतर्राष्ट्रीय छात्रवृत्ति कार्यक्रम है जो विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय द्वारा वित्त पोषित है शेवेनिंग इंडिया दुनिया के सबसे बड़े शेवेनिंग कार्यक्रम का घर है। शेवेनिंग 1983 से भारत में छात्रवृत्ति और फ़ेलोशिप कार्यक्रम चला रहा है। इसने भारत भर के 3,800 से अधिक विद्वानों और अध्येताओं - जिनमें कई पहली पीढ़ी के शिक्षार्थी भी शामिल हैं - को यूके में विश्व स्तरीय शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करने के उनके सपने को साकार करने में मदद की है। इनमें से कई




विद्वानों ने भारत की समृद्धि के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया है।

इस अवसर पर शेवेनिंग भारत की प्रमुख सुप्रिया चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि शेवेनिंग इंटरनेशनल स्कॉलरशिप प्रोग्राम के लिए राज्य सरकार के 10 डिग्री छात्र/छात्राओं को यूनाइटेड किंगडम में अध्ययन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि शेवनिंग चार दशक से 160 देश में कार्य कर रही है। संगठन द्वारा उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को इंग्लैंड के किसी भी विश्वविद्यालय में प्रवेश की सुविधा प्रदान की जाती है, जिसकी लागत आमतौर पर एक वर्ष के लिए 40 लाख रुपये होती है। राज्य सरकार इस लागत में 20 लाख रुपये का योगदान देती है और शेवनिंग इंडिया शेष 20 लाख रुपये का योगदान देती है, जिससे बच्चों को विश्वविद्यालय में पढ़ाई में कुशल कौशल मिलता है। शेवेनिंग स्कॉलरशिप के लिए सफल छात्रों को उनकी नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्टता के आधार पर चुना जाता है। शेवेनिंग ने दुनिया भर में कई कुलीन वर्ग से लीडर दिए हैं और परिवर्तन-निर्माताओं को तैयार किया है।

सचिव उत्तराखण्ड शासन राधिक झा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि पढना एवं सिखना जारी रखें इसे रोकना नहीं चाहिए तथा अपने ज्ञान और प्रतिभा को कम नहीं समझना तथा इसमें निरंतर सीखने की इच्छा ही हमें सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में इन्टरनेट एक ज्ञान का भण्डार है, जिसमें सम्पूर्ण विश्व के बारे में ज्ञान मिलता है।

उन्होंने कहा कि राज्य 10 छात्र/छात्राओं को शेवेनिंग स्कॉलरशिप मिल रही है, जो कि बहुत ही प्रसन्नता विषय है। यदि किसी छात्र/छात्रा को किसी गाईडलाईंस की आवश्यकता है तो वह सचिवालय में उनके कार्यालय में आकर मिल सकता है तथा किसी भी प्रकार की शंका हैं उसका समाधान कर सकता है।

इस अवसर पर सचिव डॉ बीवीआरसी पुरूषोतम ने कहा कि हर एक विद्यार्थी का सपना होता है कि वह आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अध्ययन करें। शेवेनिंग स्कॉलरशिप यह सपना पूर्ण करता है।

# स्मैक और चरस तस्करी में तीन लोग गिरफ्तार

देहरादून। एसटीएफ ने स्मैक और चरस तस्करी के दो मामलों में तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अनुमानित एक करोड़ रुपये कीमत की ड्रग्स बरामद हुई है। इसकी उत्तराखंड के विभिन्न इलाकों में सप्लाई की जानी थी। एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने शनिवार को हुई प्रेसवार्ता में इसका खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पहले मामले में कुमाऊं एसटीएफ, पुलिस उपाधीक्षक सुमित पांडे, निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को खटीमा में दो अंतरराज्यीय ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से एक किलो छह ग्राम स्मैक बरामद हुई। आरोपियों की पहचान सगीर अहमद पुत्र कल्लू खां, बाबू पुत्र मुनव्वर दोनों निवासी अलीगंज बरेली यूपी के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वो पिछले कई सालों से बरेली से उत्तराखंड में स्मैक की तस्करी कर रहे हैं। इसबार उन्हें खटीमा में नेपाल की एक पार्टी को स्मैक बेचनी थी। एसएसपी ने बताया कि एसटीएफ की टीम एक महीने से आरोपियों की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थी।

वाहन समेत आरोपी धराः अग्रवाल ने बताया कि दूसरा मामला ऋषिकेश बस अड्डे का है। निरीक्षक नीरज चौधरी के नेतृत्व में एसटीएफ और एएनटीएफ ने प्रह्लान लाल पुत्र दीनदयाल निवासी ग्राम श्रीगांव धोतरी जिला उत्तरकाशी को गिरफ्तार किया। आरोपी एक वाहन में सवार था। तलाश लेने पर उसके कब्जे से डेढ़ किलो चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने बताया कि वो उत्तरकाशी से ऋषिकेश में बेचने के लिए चरस लाया था। आरोपी के खिलाफ ऋषिकेश कोतवाली में केस दर्ज किया गया है। दोनों मामलों का खुलासा करने वाली टीम को एसएसपी ने दस हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा की है।

## भाजयुमो ने निकाली नशे के खिलाफ बाइक रैली

देहरादून। भारतीय जनता युवा मोर्चा महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में चलाए जा रहे साप्ताहिक अभियान धामी अगेंस्ट ड्रग्स के तहत भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नशे के विरुद्ध रेंजर्स ग्राउंड से बाइक पर संदेश यात्रा का आयोजन किया। जागरूकता संदेश यात्रा को भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, भाजपा महानगर मंत्री एवं युवा मोर्चा महानगर प्रभारी संकेत नौटियाल, युवा मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अंशुल चावला, प्रदेश प्रवक्ता महेश जगुड़ी ने झंडी दिखा कर रवाना किया।

जागरूकता संदेश यात्रा रेंजर्स ग्राउंड से घंटाघर, बहल चौक, क्रॉस रोड मॉल, सर्वे चौक से होते हुए रेंजर्स ग्राउंड में समाप्त हुई। जागरूकता संदेश यात्रा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने 2025 तक देवभूमि को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए युवाओं एकजुट हो कर नशे के विरुद्ध आगे आना होगा। तभी यह सपना साकार होगा। भाजयुमो महानगर अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि सभी युवाओं को नशे के प्रति जागरूक करना होगा। मौके पर युवा मोर्चा महानगर महामंत्री तरुण जैन, उपाध्यक्ष पारस गोयल, उत्कर्ष गुप्ता, शुभम सती, मंत्री हनी सूद, दीपक फर्तियाल, राहुल पंवार, वैशाली बंसल, मंडल अध्यक्ष चंद्र सागर उनियाल, हिमांशु गोगिया, नवीन कुमार, तरुण चमोली, सुधांशु तिवारी,आशीष रांगड आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संतों ने अयोध्या के लिए रवाना की दवाइयां

हरिद्वार।श्रीपुरुषार्थ आश्रम ट्रस्ट के अध्यक्ष महामनीषी निरंजन स्वामी के नेतृत्व में संतों ने भगवा झंडी दिखाकर अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के लिए निःशुल्क दवाइयों की गाड़ी को रवाना किया। बहादराबाद स्थित रामकृष्णपुरम कॉलोनी में एमप्योर फार्मास्यूटिकल के ओर से 45 प्रकार की दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं। दवाइयों को लेकर संत अयोध्या की ओर रवाना हुए। इस दौरान महामनीषी निरंजन स्वामी ने कहा कि निःस्वार्थ रूप से किया गया सेवा का कार्य व्यक्ति को महान बनाता है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रभु श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा और बेहतर इलाज के लिए निःशुल्क रूप से दवाइयां भेंट की जा रही हैं, यह एक अच्छी पहल है। युवा भारत साधु समाज के अध्यक्ष महंत शिवम एवं महामंत्री स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि संतों के नेतृत्व में देवभूमि से किया गया कोई भी पुनीत कार्य उत्तराखंड की गरिमा को बढ़ाता है। इस मौके पर महंत दिनेश दास, आरव चौहान, रियांश चौहान, महेंद्र नेगी, ललिता, सीमा मौजूद रहे।

# नहीं थम रहा अवैध खननः सुबह गधों से व रात में ट्रैक्टर-ट्रॉली से हो रही उपखनिज की चोरी

**अवैध खनन के कारण वर्षाकाल में नदियों ने मचाया था खूब तांडव ▸ लगातार हुए नुकसान के बाद भी सरकारी सिस्टम नहीं दे रहा ध्यान**

जयन्त प्रतिनिधि ।कोटद्वार : बरसात में अवैध खनन के कारण जहां मालन नदी का पुल ढह गया था। वहीं, आबादी तक पहुंची नदियों ने खूब तांडव मचाया। खोह नदी के वेग से कई भवन ताश के पत्तों के समान ढह गए थे।

ऐसे में होना तो यह चाहिए था कि सरकारी सिस्टम अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगे। लेकिन, सिस्टम की लापरवाही के कारण नदियों में अब भी अवैध खनन का खेल चल रहा है। सुबह गधों में लादकर व रात को ट्रैक्टर-ट्रॉली से उपखनिज की चोरी की जा रही है। जबकि, क्षेत्रवासी इसकी शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों से भी कर चुके हैं।



कोटद्वार की खोह नदी से गधों के जरिए उपखनिज की चोरी करते लोग

अप्रैल माह में अवैध खनन का दंश झेलने के बाद भी सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है। नतीजा, खोह, मालन व सुखरो नदी में अब भी अवैध खनन का खेल जारी है। खोह नदी के तट पर राजकीय स्टेडियम में हाकी के मैदान का हिस्सा नदी की भेंट चढ़ चुका है। बावजूद इसके बची हुई नीव को अब भी खोदा जा रहा है। यही हाल काशीरामपुर तल्ला से कुंभीचौड़ को जोड़ने वाले पुल पर भी देखने को मिल रहा है। हालत यह है कि गधों से सामग्री ढोने वाले पुल की नींव के आसपास की सामग्री निकाल रहे हैं। ऐसे में अब इस पुल पर भी खतरा मंडराने लगा है। कई श्रमिक सुबह के समय सामग्री को नदी में एक जगह पर एकत्रित करते है और रात के अंधेरे में ट्रैक्टर-ट्रॉली में लादकर इस सामग्री का ढुलान किया जाता है। उधर, अवैध खनन की भेंट चढ़ मालन नदी पर बने पुल के टूटने के बाद भी खननकारियों पर कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा। हालात यह हैं कि मालन व सुखरो नदियों में दिन छिपते ही खनन के लिए ट्रैक्टर-ट्रालियों की कतार लग जाती है। खनन का यह खेल पूरी रात चलता है।

### बनाए गए हैं चोर रास्ते

कभी-कभी अचानक नींद से जागे सरकारी सिस्टम से बचने के लिए अवैध खननकारियों ने नदियों में चोर रास्ते बनाए हुए हैं। जैसे ही सिस्टम के अधिकारी या कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ने के लिए नदियों में पहुंचते हैं व चोरी रास्तों से निकलकर गायब हो जाते हैं। यहीं नहीं अंधेरे में तेज रफ्तार से दौड़ने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से हर समय दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। अवैध खननकारी बरसाती गदेरे को भी नहीं छोड़ रहे।

## ट्रस्ट ने 25 श्रमिकों को दिए कंबल



जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : आर्य गिरधारीलाल महर्षि दयानंद ट्रस्ट की ओर से उदयरामपुर नयाबाद, पदमपुर, कौड़िया व झूला बस्ती में रहने वाले 25 श्रमिकों को कंबल वितरित किए गए। इस दौरान सदस्यों ने अन्य संस्थाओं से भी श्रमिकों के हित में कार्य करने की अपील की।

ट्रस्ट के सचिव कैप्टन पी एल खंतवाल (सेनि) व शिक्षक दीपक जदली के सहयोग से श्रमिकों को कंबल वितरित किए गए। शिक्षक दीपक जदली ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है, हमें अपनी आय का छोटा सा भाग दीन दुःखियों की सेवा में समर्पित करना चाहिए। ट्रस्ट अध्यक्ष सुरेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि ट्रस्ट हमेशा ही सामाजिक कार्यों में अपनी भूमिका निभाता आया है, जो भविष्य में भी जारी रहेगा। इस दौरान मोहन सिंह भारती, बचन सिंह गुसाईं, शूरबीर खेतवाल, अजय नेगी व सुदीप बौंठियाल आदि मौजूद रहे।

## भू-कानून व मूल निवासी की रैली को समर्थन देंगे पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : विभिन्न संगठनों की ओर से मूल निवास व भू-कानून को लेकर निकाली जाने वाली रैली को पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने भी अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। कहा कि पूर्व सैनिक जन समस्याओं को लेकर जनता के साथ मिलकर संघर्ष करेंगे। इस संबंध में समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान में पहाड़ी क्षेत्रों में बाहर के लोग जमीन खरीदकर स्थानीय लोगों के हक पर डाका डालने का काम कर रहे हैं।

इस कारण पहाड़ के लोगों की अपनी ही जमीन से बेदखल होने की नौबत आ रही है। इस संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के लिए विभिन्न संगठनों की ओर से 18 फरवरी को रैली निकालने का निर्णय लिया गया है, जिसे समिति भी अपना समर्थन प्रदान करती है। बैठक में समिति अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत, मदन सिंह नेगी,



आयोजित बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक

प्रमोद रावत, सुभाष कुकरेती, अनसुया प्रसाद सेमवाल, भारत सिंह नेगी, देवेंद्र बिष्ट, मेहरबान सिंह चौहान, नंदन सिंह रावत, गोपाल सिंह नेगी, राजेश बिष्ट, सुरेश पाल गुसाईं, प्रेम सिंह नेगी, ठाकुर सिंह, सुरवीर खेतवाल, हेमानंद डोबरियाल, नंदन सिंह, राजमोहन सिंह, ताजबर सिंह और बलबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# शारीरिक व मानसिक परिवर्तन की दी जानकारी

### राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में आयोजित की गई कार्यशाला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली में 'ऐडोलसेंस एजुकेशन फोर गर्लस' कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उत्तिर्छा की डा. खुशबू व डा. ऊषा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उत्तिर्छा ने विद्यार्थियों को शारीरिक व मानसिक परिवर्तन की जानकारी दी।

कार्यशाला में डा. खुशबू ने बताया कि किशोरावस्था में शरीर व कई परिवर्तन होते हैं। जिससे जीवन में उनके क्या प्रभाव देखने को मिलते हैं। साथ ही उन्होंने विस्तृत रूप से समझाया की किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों में किन-किन चीजों का ध्यान रखना आवश्यक है, जिससे स्वस्थ रुप से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास



कार्यशाला में छात्राओं को जानकारी देते विशेषज्ञ

हो सके। डॉ. ऊषा ने बताया कि किशोरावस्था में छात्र-छात्राओं में शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक परिवर्तन एक जटिल प्रक्रिया होती है, जिसका उनके व्यवहार पर अत्यंत गहरा प्रभाव पड़ता है। ऐसी स्थिति में उनके परिवार और विद्यालय की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है, ताकि छात्राओं की सभी समस्याओं का समाधान हो सके, उनका सही दिशा में मार्गदर्शन हो सके। किशोरावस्था में होने वाले इन परिवर्तनों का छात्राओं को ज्ञान होना तो अत्यंत आवश्यक है। लेकिन, अभिभावकों को भी इसकी जानकारी होनी चाहिए। 'ऐडोलसेंस एजुकेशन फोर गर्ल्स कार्यक्रम' प्रभारी रंजना बिष्ट ने छात्राओं को बताया कि किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तन एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। लेकिन कभी-कभी यह छात्राओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति में बाधक बन जाती है।

छात्राओं को इनका ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वह शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक रूप से मजबूत हो सके एवं जीवन में आने वाली समस्याओं से मजबूती से लड़ सके। विद्यालय के प्रधानाचार्य युगजीत चंद्र सेमवाल ने कहा कि किशोरावस्था में शारीरिक, मानसिक और संवेगात्मक रूप से इतने सारे परिवर्तन होते हैं कि इसे 'बड़े संघर्ष, तनाव और तूफान की उम्र' भी कहा जाता है। किशोरावस्था में छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

## पर्सनल हाईजीन व सैनिटेशन के बारे में दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडाउन में छात्राओं के लिए पर्सनल हाइजीन व सैनिटेशन पर इंटरएक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में एमएच लेफ्टिनेंट कर्नल पूनम यादव द्वारा पांचवीं व नौवीं कक्षा की छात्राओं को पर्सनल हाइजीन व सैनिटेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यशाला में छात्राओं के किशोरावस्था संबधी प्रश्नों का भी निवारण किया गया। छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन और सेनेटरी नैपकिन इंसीनरेटर मशीन का प्रयोग करने की सलाह दी गई। प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने कहा कि स्कूल प्रबंधन की मदद से वे भविष्य में भी इस प्रकार के सत्र का आयोजन करते रहेंगे।

# उद्यमिता व कौशल विकास के प्रति किया जागरूक

### देवभूमि उद्यमिता योजना के अंतर्गत दो दिवसीय बूट कैंप का समापन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी में आयोजित दो दिवसीय देवभूमि उद्यमिता कार्यशाला का शनिवार को समापन हो गया। दौरान विद्यार्थियों को उद्यमिता व कौशल विकास की जानकारी दी गई।

उच्च शिक्षा विभाग एवं भारतीय उद्यमिता विकास संस्था अहमदाबाद की ओर से देवभूमि उद्यमिता कार्यशाला का आयोजन किया गया था। महाविद्यालय उद्यमिता विकास केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. विनय देवलाल ने बूट कैंप में बतौर विषय विशेषज्ञ भारतीय उधमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के उद्यमिता विशेषज्ञ दीपक



आयोजित कार्यशाला में भाग लेती छात्राएं

चौहान एवं सोमनाथ गर्ग का पौध भेंट कर स्वात किया। प्रथम सत्र में भारतीय विकास संस्थान, अहमदाबाद के विशेषज्ञ दीपक चौहान ने कौशल विकास को बढ़ावा देने वा उद्यमिता विकास के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को अपनी क्षेत्रीय समस्याओं को पहचानने उस समस्या के समाधान हेतु नवीन विचारों पर कार्य कर उसे बिजनेस मॉडल के रूप विकसित करने सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। सोमनाथ गर्ग द्वारा विभिन्न औद्योगिक योजनाओं हेतु आवेदन की पात्रता अनिवार्यताओं के विषय में बताया और वित्तीय प्रबंध, बैंक क्रेडिबिल्टी, लोन सुविधाओं के विषय में जानकारियां दीं। नोडल अधिकारी डा. विनय देवलाल ने छात्र-छात्राओं को उद्यमिता विकास के लाभों के विषय में बताते हुए कहा कि उद्यमशीलता विकास के द्वारा केवल स्वयं का ही विकास नहीं होगा, बल्कि उत्तराखंड के विकास में भी तेजी आएगी। कहा कि उत्तराखंड में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यदि यहां का युवा अपने कौशल को विकसित कर इस दिशा में आगे आएगा तो उत्तराखंड से पलायन की समस्या काफी हद तक दूर हो सकती है। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्राचार्य डा. विजय कुमार अग्रवाल व प्रभारी प्राचार्य प्रो. अरविन्द सिंह ने की। इस मौके पर आशीष शर्मा, अजय जोशी, दीपक चंद्रा, प्रियंग खाती, प्रियंका जोशी, मनीषा जोशी, अमन रावत, हर्षिता त्यागी, अंजली रावत आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं ने सीखे फूलों की सजावट में भविष्य बनाने के गुर

## आईएचएमएस में आयोजित की गई फ्लावर एरेंजमेंट कार्यशाला

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से फ्लावर एरेंजमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एक्सपर्ट ने छात्र-छात्राओं को फूलों की सजावट की जानकारी दी।

शनिवार को बलभद्रपुर स्थित संस्थान परिसर में होटल मैनेजमेंट विभाग की ओर आयोजित कार्यशाला का संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि होटल व्यवसाय में फ्लावर डेकोरेशन का अपना महत्व है। इसके बिना किसी भी समारोह को अधूरा समझा जाता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से एचएम की सभी बारिकियों को सीखने की अपील की। इस अवसर पर होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष पंकज कुकरेती के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में मुख्य एक्सपर्ट नवीन किशोर ने छात्रों को फूलों के सही आयोजन की शिक्षा दी। उन्होंने छात्रों को फूलों के अलग-अलग प्रकारों और उनके उपयोग के बारे में जानकारी दी। साथ ही सजावट के लिए फूलों का चयन, कटिंग और उन्हें सुंदर आयोजन बनाने के तरीके बताए। एक्सपर्ट नवीन किशोर ने बताया कि इस कार्यशाला से छात्रों को आने वाले समय में होटल उद्योग में उनके करियर में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। इसके अलावा, यह कार्यशाला छात्रों को फूलों के साथ काम करने का अनुभव प्रदान करके उन्हें कार्यालय में उत्तम फूलों के आयोजन करने में सहायक होगी। इस अवसर पर प्राध्यापक सपना रैथाण, टेकचंद्र कुंवर, गुरुदीप सिंह, अनुज नेगी समेत संस्थान के कर्मचारी मौजूद रहे।



आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी

# कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय खोलने को शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात करते गढ़वाल सांसद

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : कोटद्वार में केंद्रीय विद्यालय खुलवाने के लिए गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। कहा कि क्षेत्र की जनता पिछले कई वर्षों से केंद्रीय विद्यालय खुलवाने की मांग उठा रही है।

मौके पर उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री से कोटद्वार एवं नरेन्द्र नगर में पूर्व में स्वीकृत केन्द्रीय विद्यालय स्थापना पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिए आग्रह किया। कहा कि इन क्षेत्रों में दूरस्थ क्षेत्रों से लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए आते हैं यहां पर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से ग्रामीण गरीब बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मिलेगी, साथ ही क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और पलायन भी रुकेगा। वर्तमान में बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए अन्य बड़े शहरों में पलायन करना पड़ता है। क्षेत्रीय जनता भी लगातार केंद्रीय विद्यालय खुलवाने की मांग उठा रही है।

## रेणुका व आश्रिति ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



प्राचार्या जानकी पंवार व अन्य शिक्षकों के साथ यूसेट परीक्षा पास करने वाली छात्रा आश्रिति

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा रेणुका अग्रवाल ने नेट व यूसेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं, एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आश्रिति ने भी यूसेट परीक्षा उत्तीर्ण की है।

रेणुका अग्रवाल महाविद्यालय में एमकॉम तृतीय सेमेटर की छात्रा है। उन्होंने पहली बार में ही यह परीक्षा पास की। वहीं, एमएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा आश्रिति रावत ने भी प्रथम प्रयास में यूसेट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। प्रोफेसर जानकी पंवार ने अन्य विद्यार्थियों को भी जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि विद्यार्थियों को जीवन में अपना लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए।

## सांसद गढ़वाल ने केन्द्रीय मंत्री गडकरी से की मुलाकात

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत ने अपने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री भारत सरकार नितिन गडकरी से मुलाकात की।

तीरथ सिंह रावत ने अपने संसदीय क्षेत्र गढ़वाल के तहत लक्ष्मण झूला दुगड्डा मोहान रानीखेत एवं देवप्रयाग व्यास घाट सतपुली रिखड़ीखाल रामनगर सड़क मार्ग के राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित प्रस्ताव पर वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने, राष्ट्रीय राजमार्ग ऋषिकेश बद्रीनाथ के तहत देवप्रयाग बाजार में पुल निर्माण करने के लिए जल्द संस्तुति देने का आग्रह किया। तीरथ सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर अग्रसर है, सरकार का नारा सबका साथ सबका विकास अब देखने को मिल रहा है, देश के सड़क एवं परिवहन केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के कार्यकाल में देश के सड़कों में सुधार के साथ-साथ कनेक्टिविटी बहुत बड़ी है।



सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से वार्ता करते हुए।

# विज्ञान प्रदर्शनी में आयुष नेगी ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान विज्ञान प्रदर्शनी व विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन बीआरसी कीर्तिखाल के सभागार में किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी जूनियर वर्ग में राउप्रावि गुमखाल के आयुष नेगी (कक्षा 8), विज्ञान क्विज जूनियर वर्ग में राइका सिलोगी, माध्यमिक स्तर की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में राइका पालीलंगूर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारीखाल डॉ. सुरेन्द्र सिंह नेगी, ब्लाक शिक्षक संघ अध्यक्ष डब्बल सिंह, बीआरसी समन्वयक मानवी कोटनाला, ब्लाक विज्ञान समन्वयक महेन्द्र सिंह राणा, वरिष्ठ अध्यापक राकेश नेगी व डॉ. विक्रम सिंह रावत ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। यह प्रतियोगिता जूनियर व माध्यमिक स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें जूनियर स्तर के 30 तथा माध्यमिक स्तर के 20 विद्यालयो ने प्रतिभाग किया। विज्ञान प्रदर्शनी जूनियर वर्ग में राउप्रावि गुमखाल के आयुष नेगी (कक्षा 8) ने प्रथम, राउप्रावि बमोली की तनुष्का चन्द्रा (कक्षा 8) ने द्वितीय व राउप्रावि लंगूरी की नव्या (कक्षा 8) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विज्ञान क्विज जूनियर वर्ग में राइका सिलोगी प्रथम, राउप्रावि बिरमोली द्वितीय व राउप्रावि जुयालगांव तृतीय स्थान पर रहा। माध्यमिक स्तर की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में राइका पालीलंगूर प्रथम, राइका सिलोगी द्वितीय व अउराइका देवीखेत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रीतम बिष्ट, नीरज पथिक, मानवी कोटनाला, राजीव रावत, भारत सिंह रावत, रविन्द्र रावत, मुकेश पटवाल, लक्ष्मी रावत, हरिओम, प्रेम प्रकाश, राहुल सैनी, रूपेश कुकरेती, सुभाष बलूनी, आभा रावत, अर्जुन सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक विज्ञान समन्वयक महेन्द्र सिंह राणा ने किया।

# आज होगा कण्वाश्रम महोत्सव का आगाज

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भारत नामदेय चक्रवर्ती सम्राट भरत की जन्मस्थली और महर्षि कण्व की तपोभूमि में चार दिवसीय कण्वाश्रम महोत्सव का आगाज रविवार को 108 कुण्डीय और साइकिल रैली के साथ होगा।

मेला समिति के सदस्य मोहित कंडवाल ने बताया कि महोत्सव का विधिवत शुभारम्भ 12 फरवरी को छात्र-छात्राओं के झंडाचौक में मार्च पास्ट और प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत द्वारा उद्घाटन समारोह में होगा। उद्घाटन समारोह के बाद मेलास्थल में अनिल सती स्मृति वॉलीबॉल प्रतियोगिता और शहीद धनवीर सिंह राणा ओपन स्मृति कबड्डी प्रतियोगिता होगी। इसके बाद विद्यालयी वॉलीबाल और कबड्डी प्रतियोगिताएं शुरू होंगी। दोपहर में कीर्तन मंडलियों और महिला समूहों की रस्साकसी, जलेबी दौड़ जैसी विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएं होंगी। इसके साथ मुख्य मंच पर संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक दलों और विद्यालयों के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। 13 फरवरी को प्रातः 08:30 बजे दुर्गापुर से कण्वाश्रम तक क्रॉस कंट्री दौड़, प्रातः 10 बजे विद्यालयी एवं वॉलीबॉल एवं कबड्डी प्रतियोगिताएं एवं मेलास्थल में महिला मंगल दलों/समूहों की विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं के फाईनल मुकाबलें खेले जायेगें। प्रातः 11 बजे महिला मंगल दलों/समूहों की श्रीमती विनीता भट्ट स्मृति मांगल गीत प्रतियोगिता, दोपहर डेढ़ बजे विद्यालयी सांस्कृतिक दलों एवं संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक दलों के कार्यक्रम होगें। 14 फरवरी को प्रातः 09 मेलास्थल में बसन्त पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन, प्रातः 10 बजे खेल प्रतियोगिताओं के सेमीफाइनल और फाइनल मैच, प्रातः 11 बजे विद्यालयी सांस्कृतिक दलों एवं स्थानीय समूहों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 01 बजे उत्तराखण्ड के प्रतिष्ठित लोकगायक प्रीतम भरतवाण और साथी कलाकारों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देगें। इसके बाद पुरस्कार वितरित किये जायेंगे।

# ब्लॉकों में आयोजित होगी वोटर चौपाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम ने संबंधित अफसरों को कम प्रतिशत मतदान वाले क्षेत्रों में वोटर चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक करने को कहा।

उन्होंने हर ब्लाक में वोटर चौपाल आयोजित हेतु नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश सीडीओ को दिए। कहा कि नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी तय कर वोटर चौपाल आयोजित करवाए जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम डा. आशीष चौहान ने कहा कि जिले के नर्सिंग कॉलेज, घुड़दौड़ी कॉलेज, भरसार, गढ़वाल विश्वविद्यालय सहित बड़े संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। डीएम ने सभी एसडीएम, खंड विकास अधिकारियों को रोस्टर के आधार पर बूथों में मतदान के लिए जनजागरूक अभियान चलाने के निर्देश दिए। कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जो-जो गतिविधियां की जाएगी उसकी फोटो और वीडियोग्राफ प्रस्तुत करें। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने को कहा। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, रैली का आयोजन कर लोगों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरूक करने को कहा। बैठक में सीडीओ अपूर्वा पांडे, खंड शिक्षा अधिकारी सावेद आलम आदि शामिल रहे।



# मुख्यमंत्री धामी का अल्मोड़ा में विशाल रोड शो, उमड़ा जन सैलाब

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को मातृ-शक्ति को समर्पित 'दीदी–भुलि हाथ लगाल, उत्तराखण्ड हौल अमृत काल' कार्यक्रम में अल्मोड़ा पहुंचे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर्मी हेलीपैड से शिखर होटल अल्मोड़ा तक विशाल रोड शो में प्रतिभाग किया। रोड शो में हजारों की संख्या में अल्मोड़ा कि जनता ने पुष्प वर्षा कर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद अजय टम्टा, विधायक सुरेश गड़ियां, विधायक मोहन सिंह मेहरा, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा कैलाश शर्मा, जिलाध्यक्ष भाजपा रमेश बहुगुणा, जिलाध्यक्ष भाजपा रानीखेत श्रीमती लीला बिष्ट भी मौजूद रहे।

## दुगड्डा में 27 फरवरी से शुरू होगा शहीद मेला

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : अमर शहीद चंद्रशेखर के बलिदान दिवस पर दुगड्डा में 27 फरवरी से शहीद मेले का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय मेले को सफल बनाने के लिए सदस्यों की टीमें गठित की गई हैं। इस दौरान बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। दुगड्डा पालिका सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी जीपी जोशी ने प्रबुद्धजनों व मेला समिति के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि शहीद मेले को गत वर्ष राजकीय मेला घोषित किया जा चुका है। भविष्य में लोकसभा व निकाय चुनाव भी होने हैं। इसलिए पालिका प्रशासक एसडीएम सोहन सिंह सैनी के निर्देश पर मेले का आयोजन किया जाना है। तय किया गया कि 25 से 27 फरवरी तक मेले का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान कैरम, खो-खो, रस्साकस्सी व 100 मीटर दौड़ सहित स्वर ट्रस्ट के सौजन्य से प्राइमरी वर्ग के लिए बोरा, कुर्सी, जलेबी, सुई धागा, चम्मच आदि दौड़ें आयोजित की जाएगी। महिला मंगल दलों व विद्यालयों के सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि राहुल जैन, पूर्व सभासद दीपक ध्यानी, अनीता गौड़, आशा देवी, धर्मेन्द्र गोयल, कमला देवी, भवान सिंह असवाल, संजय कंडवाल आदि मौजूद रहे।

## बालिका शिक्षा और सशक्तिकरण का महत्व बताया

जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण : राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज थलीसैंण में समग्र शिक्षा के अंतर्गत बालिका शिक्षा एवं कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट एवं दून पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य भवान सिंह रावत ने बालिकाओं को रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में अवसरों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। थानाध्यक्ष रीना वर्मा ने बालिका शिक्षा, रोजगार एवं बालिका सशक्तिकरण के बारे में बताया। कहा कि देश समृद्ध और शक्तिशाली तभी बनेगा, जब बालिकाएं भी आत्मनिर्भर व सशक्त होंगी। बालिकाएं भी हर क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करके लोहा मनवा रही हैं। इस अवसर पर उपनिरीक्षक दिनेश राणा, पत्रकार आशाराम पोखरियाल, विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र ढौंडियाल, शिक्षक श्रीमती विम्मी चिटकारिया, बृजमोहन सिंह भंडारी, पूर्णिमा शर्मा, प्रदीप सिंह, आरती रतूड़ी, रश्मि चौधरी, मनोरमा, चमन प्रकाश, अमित चौहान, प्रकाश पोखरियाल, सुरेंद्र नेगी, विवेक पोखरियाल, दिनेश कुमार, पप्पू कुमार, विवेक महर, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

## अमन और शिवानी रहे पहले स्थान पर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : अमेरिका इंडिया फाउंडेशन द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज उज्याड़ी में विज्ञान व गणित प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के 45 छात्र-छात्राओं ने अपने प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाकर छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की जानकारी दी। प्रोजेक्ट प्रदर्शनी के तहत आयोजित वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता में अमन ने पहला, तनीषा ने दूसरा, आर्यन ने तीसरा, नॉन वर्किंग मॉडल में शिवानी ने पहला, आदित्य ने दूसरा व श्रेयसी ने तीसरा स्थान हासिल किया।स्कूल में आयोजित प्रदर्शनी में प्रोजेक्ट लीडर नीरज जोशी ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना व प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना है। कहा कि फाउंडेशन स्कूलों को तकनीकी जानकारी दे रहा है। बताया कि पिछले 8 साल से स्कूलों को हर क्षेत्र में मदद की जा रही है। इस मौके पर स्वदेश नेगी, बृजेंद्र रावत, गौरव, धर्म सिंह, निशा नेगी, शिवानी नयाल, सरोजनी पुरोहित, गोदांबरी रावत, भवान सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

## आज होगें व्यापार संघ के चुनाव

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : नगर पंचायत सतपुली व्यापार संघ के चुनाव रविवार को होंगे। चुनाव राधा कृष्ण मंदिर परिसर में कराए जाएंगे। चुनाव समिति के सदस्य प्रेम सिंह नेगी और चंद्रमोहन डोबरियाल ने बताया कि सुबह 8 से 2 बजे तक वोट डाले जाएंगे और 3 बजे से वोटो की गिनती शुरू की जाएगी इसके बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

## जंगलों को आग से बचाने में वन विभाग का करें सहयोग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : सिविल एवं सोयम नौगांवखाल रेंज के द्वारा एकेश्वर ब्लाक में ब्लाक स्तरीय वनाग्नि सुरक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख एकेश्वर नीरज पांथरी ने सभी से जंगलों की आग से सुरक्षा के लिए वन विभाग को सहयोग करने की बात कही। कहा कि सभी के सहयोग से ही जंगलों को आग से बचाया जा सकता है।एकेश्वर ब्लाक में आयोजित गोष्ठी में सभी से वनाग्नि रोकथाम के लिए विभाग को सहयोग करने की अपील की गई। इस दौरान लोगों से वनाग्नि सुरक्षा व वनाग्नि रोकथाम के लिए सुझाव भी लिए गए। वन विभाग के अधिकारियों ने जंगलों को आग से बचाने की जानकारी दी। बताया गया कि घरों के आसपास साफ-सफाई रखे। इस मौके पर डा. जाफर, महावीर सिंह, सूरजीत, संदीप सिंह रावत आदि शामिल रहे।

## प्लेसमेंट कार्यक्रम में छात्रों का लिया साक्षात्कार

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवंती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के चौरास परिसर स्थित एमबीए और बीकॉम विभाग में छात्रों के लिए विवि प्लेसमेंट सेल की ओर से प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय कंपनी ग्रांट थ्रोटॉन की देहरादून स्थित इंडिया नॉलेज एंड कैपिबिलिटी सेंटर ने सौ से अधिक छात्रों का साक्षात्कार लिया। इस मौके पर प्लेसमेंट और कॉउंसलिंग सेल के कोर्डिनेटर प्रो. राकेश डोडी ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें अवसर का लाभ लेने की बात कही। कार्यक्रम के कोर्डिनेटर डॉ. सुमित गैरोला ने छात्रों को विवि की कुलपति प्रो अन्नपूर्णा नौटियाल के निर्देश पर ट्रेंनिंग प्लेसमेंट कार्य को गति दी जा रही है। (एजेंसी)

## श्रीनगर में फिर दिखा गुलदार, दहशत में लोग

श्रीनगर गढ़वाल : खिर्सू के ग्वाड़ और श्रीनगर में हुई घटना के बाद से क्षेत्र में अभी तक गुलदार की दहशत बरकरार है। शनिवार को लोअर भक्तियाना और पौड़ी रोड पर स्थित भक्तियाना में राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यालय के समीप दिनदहाड़े गुलदार दिखाई देने से लोग भयभीत हो गए। वहीं शुक्रवार देर रात्रि को बिलकेदार के पास दो गुलदारों की चहलकदमी सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। लगातार गुलदार के दिखने से लोगों में दहशत बरकरार है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर गुलदार को पकड़ने में जुटी हुई है। हांलाकि अभी तक सफलता नहीं मिल पाई है।श्रीनगर वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन सिंह नेगी ने बताया कि नरभक्षी गुलदार को मारने के लिए एक और शिकारी तैनात कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि ग्लास हाउस के पास गुलदार के पंजों के निशान बार-बार देखने को मिल रहे हैं, जिससे अंदाजा लगाया गया है कि गुलदार अपने शिकार के लिए लगातार इस इलाके में चहलकदमी कर रहा है। गुलदार को पकड़ने के लिए कुछ दूरी पर शिकारी दल के लिए ग्लास हाउस के पास मचान बना गया है। गुलदार की चहलकदमी दिखती है तो ट्रेंकुलाइज करने का प्रयास किया जायेगा। (एजेंसी)

## कार्डियो ओपीडी आज रहेंगी स्थगित

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय मेडिकल कॉलेज के बेस चिकित्सालय में आज (रविवार) को कार्डियक ओपीडी स्थगित रहेगी। मेडिकल कॉलेज के पीआरओ अरुण बडोनी ने बताया कि रविवार को लगने वाली कार्डियक ओपीडी अपरिहार्य कारणों के चलते स्थगित रहेगी।

# दिऊसा में पशुपालकों को किया पुरस्कृत



जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशुपालन विभाग द्वारा कल्जीखाल में विकासखंड स्तरीय पशुधन मेला, प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि योगंबर सिंह रावत, ग्राम प्रधान रमेश चंद्र शाह ने इस प्रकार के आयोजनों की प्रशंसा की। कहा कि ग्रामीण किसानों को पशुपालकों को योजना से मदद मिलेगी।

कल्जीखाल के ग्राम पंचायत दिऊसा में आयोजित पशुधन मेला, प्रदर्शनी में पंचायत के हर परिवार के लोगों द्वारा अपने-अपने पशुओं को लेकर आयोजन स्थल पर पहुंच कर प्रतिभाग किया गया। पशुधन प्रदर्शनी मेले में पहला, दूसरा व तीसरा व सांत्वना पुरस्कार हासिल करने वाले लोगों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पुशचिकित्साधिकारी डा. मनीष नेगी, क्षेत्र प्रसार अधिकारी राजेंद्र कपटियाल, पशुधन प्रसार अधिकारी पंकज कुमार, प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान रमेश चंद्र शाह, क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश चंद्र शाह, पूर्व प्रधान प्रदीप प्रसाद थपलियाल, मनोज सिंह रावत, अमित नेगी, जसवीर रावत आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, लक्सर जनपद हरिद्वार।

### अल्पकालीन निविदा सूचना

अवस्थापना विकास निधि कार्य अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद लक्सर निम्न निर्माण कार्यो हेतु निकाय दिनांक 20.2.24 को दोपहर 2.00 बजे तक निकाय के पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित करती है। जो उसी दिन समय 3.00 बजे गठित निविदा कमेटी, नगर पालिका परिषद, लक्सर द्वारा ठेकेदार या उनके प्रतिनिधि के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 19.02.24 को समय 12.00 बजे तक निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किया जा सकता है।

| क्रं0 | कार्य का नाम | लागत | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड 07 सत्यपाल के मकान के रामकिशन के मकान की ओर सड़क निर्माण कार्य। | 4.99 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 2 | वार्ड 07 में बसेडी रोड पर बारात घर की ओर सड़क निर्माण कार्य | 4.97 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 3 | वार्ड 07 से बसेडी रोड शौकीन के मकान से आरिफके मकान की ओर सड़क निर्माण कार्य। | | | | |
| 4 | सनातन धर्म कालेज से पुलिया की ओर साईड पटरी निर्माण कार्य। | 4.97 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 5 | कस्बा लक्सर के वार्ड न0 09 गंगा विहार कालोनी में सतीश के मकान से मन्दिर की ओर सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 4.95 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 6 | कस्बा लक्सर के वार्ड न0 09 में कक्कन के प्लॉट से जित्तु के मकान की ओर सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4.96 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 7 | वार्ड न0 5 राजकुमार के मकान से कल्लू के मकान की ओर सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4.95 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 8 | कस्बा लक्सर के वार्ड न0 11 में सुरेश के मकान से रोहताश के मकान की ओर सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4.90 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |
| 9 | कस्बा लक्सर के वार्ड न0 11 में गोवर्धनपुर रोड से आजाद के मकान की ओर सी0सी0 सड़क व नाली का निर्माण कार्य। | 4.99 | 15000 | 500/-एवं GST | 30 दिन |

शेष शर्ते कार्यालय से कार्यालय समय में जानी जा सकती है। किसी एक निविदा अथवा समस्त निविदाताओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार कमेटी/अध्यक्ष महोदय को होगा।

**(चन्द्रशेखर शर्मा)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद लक्सर**

**(प्रतीक जैन)**
**प्रशासक,**
**नगर पालिका परिषद, लक्सर**

## गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इन्कार

अजय दीक्षित

सवीच्च अदालत ने 26 साल की महिला को 32 हफ्ते के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा मेडिकल वोर्ड ने कहा है कि भ्रूण में कोई असमान्यता नहीं है। महिला ने बीते अक्टूबर में अपने पति को खो दिया था। उसके कुछ हफ्ते बाद पता चला कि वह गर्भवती है। अदालत ने 23 जनवरी के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले पर हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि यह 32 सप्ताह का भ्रूण है। इसे कैसे समाप्त किया जा सकता है? मेडिकल बोर्ड ने कहा इसे समाप्त नहीं किया जा सकता। केन्द्र सरकार यह सुनिश्चत करे कि प्रक्रिया सुचारू रूप से व जल्द हो। महिला के वकील का तर्क है कि वह विधवा है, उसे जीवन भर आघात सहना होगा। वह बच्चे को जन्म देगी तो उसकी इच्छा के खिलाफ होगा। वह अवस-ाद पीड़ित बताई गई। मगर एम्स मेडिकल बोर्ड ने गर्भावस्था या प्रसव का उसके मानसिक स्वास्थ्य पर कोई असर न पडने़ की बात कही है। अब वाकई में काफी देर हो चुकी है। गर्भपात के नाम पर जीवित बच्चे को निकालना क्रूरता होगी। 32 सप्ताह यानि आठ माह, जबकि सात महीने में ही कई बार सामान्य प्रसव हो जाता है और जच्चा– बच्चा दोनों स्वस्थ रहते हैं। व्यावहारिक तौर पर कोई भी स्त्री गर्भ रखने या न रखने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र है। मगर इन स्थितियों में, जब उसे अपने मृत पति की निशानी रखने में किसी भी तरह की असुविधा है तो उसे यह काफी पहले ही निश्चित करना था। हालांकि चिकित्सकीय रूप से अवसादग्रस्त मां का असर नवजात की मानसिक दशा पर पडने़ की संभवना से इनकार नहीं किया जा सकता, परन्तु इस मामले में ऐसा नहीं है। अपने समाज में बाल–बच्चेदार विधवा से व्याह को राजी होने वाले पुरुष बहुत कम हैं। दूसरे बच्चे के पालन–पोषण को लेकर वह आशंकित हो सकती है। मामला वास्तव में बेहद पेचीदा कहा जा सकता है। मगर गर्भपात के निर्णय में की गई देरी की कीमत ने उसे प्रसव के लिए मजबूर कर दिया। अदालत के निर्णय के अनुरूप बच्चे को गोद देने के लिए राजी होना उचित होगा। हालांकि यह निर्णय भी कम कठिन नहीं होगा। नवजात को गोद में लेते ही जच्चा के भीतर का वात्सल्य जो उमड़ पड़ता है। अंततः निर्णय उसका अपना ही होगा।

## अवैध रूप से चल रही पटाखा फैक्ट्री को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई का साहस दिखाएंगे क्या मुख्यमंत्री..?

**कीर्ति राणा**

हरदा में अवैध तरीके से चल रही पटाखा फैक्ट्री में लगी आग से हुई तबाही में यह प्रश्न गौण हो गया है कि कितने लोग असमय मौत का शिकार हुए? हरदा ही नहीं, देश के लोगों को यह पूछने का हक है कि सालों से यह फैक्ट्री वो भी बीच रहवासी क्षेत्र में चल कैसे रही थी? जांच समिति बना ही दी है, जब किसी मामले में सरकार ऐसी समिति गठन में तत्परता दिखाए तो आमजन याद करने लगता है कि जनहानि वाले मामलों को लेकर पहले जो जांच समितियां गठित की गईं, उनकी फाइलों ने फैसले उगले भी या नहीं! गुना बस हादसे में कलेक्टर, एसपी पर गाज गिरी थी। आज मुख्यमंत्री हरदा गए थे। कलेक्टर,एसपी को हटाकर उन्होंने अपनी सरकार पर लगे दाग धोने की तत्परता दिखाने का प्रयास किया है पर क्या कार्रवाई पर्याप्त है..? हरदा की आग में जिन निदोषों की बलि चढ़ गई, उनके परिवारों को न तो फैक्ट्री मालिक राजेश अग्रवाल और दिनेश की गिरफ्तारी से संतोष मिलेगा और न ही मुआवजे की राशि उनके आंसू पोंछ पाएगी। इसी फैक्ट्री में पहले भी हुए विस्फोट में दो लोगों की जान जा चुकी है।इसके बाद भी फैक्ट्री अगर चल रही थी तो दोषी प्रशासनिक अधिकारी भी हैं, क्योंकि राजनीतिक, प्रशासनिक संरक्षण बिना इतनी ढील देना संभव ही नहीं है।

मप्र में पटाखों, बारुद से विस्फोट की यह पहली घटना नहीं है। मुरैना, राऊमें पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट में हुई मौतें, पेटलावद में 7 दर्जन से अधिक निदोषों के चीथड़ों की पोटलियों वाले लोमहर्षक दृश्य और जांच समिति की घोषणा लोग भूले नहीं हैं। इससे पहले बालाघाट में 29 और दमोह 7 लोगों की मौत भी ऐसे ही धमाकों में हो चुकी है। इन सारे विस्फोट के बाद अब यदि लोगों को यह लगने लगे कि 18 वर्ष के बाद बस सीएम बदले हैं, लापरवाही का ढर्रा वैसा ही चल रहा है तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए। अब जो होगा, वह भी लोगों को पता है। गुना बस हादसे के बाद जिस तरह बसों की चैकिंग का अभियान चला था, वैसे ही इंदौर, भोपाल, दमोह, बालाघाट, हरदा आदि शहरों में पटाखा निर्माताओं, दुकानदारों के खिलाफ 'सख्ती पखवाड़ा' चलाकर लापरवाही की आग पर फोम डाल दिया जाएगा।

जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई तो होनी ही चाहिए, लेकिन दंडित किए जाने से पहले इन अधिकारियों से बंद कमरे में ही सही, सरकार पुचकार के यह भी तो पूछ ले कि हरदा के पूर्व विधायक कमल पटेल हों या बैतूल के सांसद दुर्गादास उईके, इन जनप्रतिनिधियों या इनके पों ने वर्षों से संचालित हो रही अवैध पटाखा फैक्ट्री के सरगनाओं को संरक्षण क्यों दे रखा था? ढाई एकड़ में फैली फैक्ट्री के अलावा आसपास के पचास घरों में कुटीर उद्योग के रूप में हो रहे पटाखों के निर्माण से जिला प्रशासन क्यों मुंह फेरे रहा? पटाखा फैक्ट्री मालिकों के घरों पर बुलडोजर चलाए जाने की सख्ती तो सरकार दिखाएगी ही, लेकिन इन्हें संरक्षण पूर्व सीएम के प्रिय जनप्रतिनिधियों के साथ ही इस सरकार में ठसक दिखाने वाले हरदा–बैतूल के जनप्रतिनिधियों से भी मिलता रहा है। सख्त फैसले लेकर खुद को पिछली सरकार से बेहतर दिखाने की कोशिश में लगे डॉ. मोहन यादव को पटाखा फैक्ट्री के संचालकों को संरक्षण देने वाले नेताओं–अधिकारियों के घरों पर भी बुलडोजर चलाने का साहस दिखाना चाहिए।

हरदा पटाखा फैक्ट्री को 2022 में कलेक्टर ऋषि गर्ग ने सील करने के आदेश जारी किए थे। सरकार को तत्कालीन संभागायुक्त मालसिंह भायडिय़ा से भी पूछना चाहिए कि ऐसी क्या मजबूरी रही कि इस आदेश के विरुद्ध स्टे क्यों दिया? विस्फोट पीड़ित लोगों के आंसू बयां कर रहे हैं कि शिकायत करते रहने के बाद भी अधिकारियों ने कार्रवाई नहीं की। ऐसी क्या मजबूरी थी कि ट्रकों से बारुद आता रहा और पुलिस प्रशासन मुस्तैदी दिखाने की अपेक्षा मैत्री–भाव दर्शाता रहा। जिला प्रशासन की आंखों पर भी पोलिटिकल प्रेशर की पट्टी बंधी रही। हरदा हादसे का कारण बने प्रशासनिक अधिकारियों पर भी सरकार ऐसी कार्रवाई करे कि बाकी जिलों के अधिकारियों को भी समझ आ जाए कि बदले हुए निजाम में अब ढील–पोल नहीं चलेगी।

# चुनाव तो लोक लुभावन घोषणाओं पर ही

**अजीत द्विवेदी**



भाजपा की केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में लोक लुभावन घोषणाएं नहीं कीं तो इसके लिए उसकी बड़ी वाह–वाही हुई। मीडिया में यह नैरेटिव बना कि नरेंद्र मोदी की सरकार इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर इतने भरोसे में है कि उसे चुनावी साल के बजट में भी कोई लोक लुभावन घोषणा करने की जरुरत नहीं पड़ी। लेकिन क्या सचमुच ऐसा है? क्या सचमुच सरकार अगला चुनाव जीत लेने के भरोसे में है और इसलिए उसने अंतरिम बजट में बड़ी बड़ी घोषणाएं नहीं की और ह्यमुफ्त की रेवड़ीह्न बांटने से परहेज किया? असल में यह सचाई नहीं है। न तो केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी चुनावी जीत को लेकर पूरे भरोसे में है और न उसने लोक लुभावन घोषणाओं से परहेज किया है। बजट में भी ऐसी कई घोषणाएं हैं, जिनसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ेगी। ये लाभार्थी ही भाजपा और नरेंद्र मोदी के सबसे बड़े समर्थक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे बड़ी लोक लुभावन घोषणा पिछले साल के अंत में छत्तीसगढ़ में कर दी थी। राज्य में हो रहे विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान किया कि उनकी सरकार मुफ्त में पांच किलो अनाज बांटने की योजना को अगले पांच साल तक जारी रखेगी। बहुत सोच समझ कर उन्होंने पांच साल का ऐलान किया। आमतौर पर चुनाव से पहले होने वाली घोषणाओं में यह खतरा रहता है कि जनता उसको समझ जाती है और मानती है कि चुनाव के बाद इस घोषणा पर अमल नहीं होगा। इसलिए सीधे पांच साल के लिए इसे बढ़ाया गया ताकि जनता को भरोसा रहे कि जून के बाद भी योजना जारी रहेगी। ध्यान रहे इससे पहले हर बार छह छह महीने के लिए इस योजना को बढ़ाया जाता था। इस योजना के लाभार्थियों की संख्या 80 करोड़ है। इनको हर महीने पांच किलो अनाज देने की योजना पर हर साल करीब दो लाख करोड़ रुपए का खर्च आएगा। सवाल है कि जब नवंबर में ही दो लाख करोड़ रुपए की सालाना खर्च वाली लोक लुभावन योजना की घोषणा हो गई तो बजट में और किसी योजना की क्या जरुरत रह गई थी?

दूसरी बात यह है कि पहले से चल रही किसी भी लोक लुभावन योजना को बंद नहीं किया गया है। किसानों को मिलने वाली छह हजार रुपए की किसान सम्मान निधि योजना जारी रहेगी। लखपति दीदी बनाने की योजना के तहत अगले वित्त वर्ष में तीन करोड़ महिलाओं को लखपति बनाने की योजना भी चल रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना चल रही है, जिसके तहत दावा किया गया है कि अभी तक तीन करोड़ घर बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा मध्य वर्ग के लिए मकान बनाने की घोषणा इस बार की गई है। यह भी बड़ी योजना है, जिसके तहत दो करोड़ घर बनाए जाएंगे। प्रत्यक्ष कर यानी आयकर में किसी नए छूट की जरुरत इसलिए नहीं थी क्योंकि केंद्र सरकार द्वारा घोषित नया टैक्स रिजीम यानी नई कर व्यवस्था लागू हो गई है, जिसके तहत साढ़े सात लाख रुपए तक की आय पूरी तरह से कर मुक्त होगी। आयकर रिटर्न भरने वाली ज्यादातर आबादी इस दायरे में आ जाएगी। वैसे भी सरकार करदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी का जो दावा कर रही है उसकी हकीकत यह है कि आयकर रिटर्न भरने वाले साढ़े छह करोड़ लोगों में से चार करोड़ तीस लाख के करीब लोगों ने कोई टैक्स नहीं दिया है। सिर्फ रिटर्न भरा है।

दूसरी ओर भाजपा की सरकारों ने राज्यों के लिए जो योजनाएं शुरू की हैं उन्हें भी जारी रखा गया है और साथ ही नई योजनाएं भी शुरू हुई हैं। मध्य प्रदेश में लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को साढ़े 12 सौ रुपए प्रति महीने मिल रहे हैं तो उधर छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना शुरू कर दी गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को एक हजार रुपए महीना दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने सात लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट पेश किया है, जिसमें उन्होंने किसानों के लिए मासिक पेंशन की योजना शुरू की है। इस योजना के तहत राज्य के लघु व सीमांत किसानों को 60 साल की उम्र पूरी करने के बाद तीन हजार रुपए मासिक पेंशन मिलेगी। यह पेंशन महिला और पुरुष दोनों किसानों को मिलेगी। ऐसी अनेक योजना अलग अलग राज्यों में चल रही हैं।

इस बीच बजट के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनाव पूर्व दौरे पर निकले तो हर राज्य में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रहे हैं। बजट के बाद वे सबसे पहले ओडिशा गए, जहां उन्होंने एक बार में 63 हजार करोड़ रुपए की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उसके बाद वे असम गए, जहां साढ़े 11 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें कामाख्या दिव्यलोक कॉरिडोर का शिलान्यास भी है, जिस पर पांच सौ करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि अयोध्या के भव्य कार्यक्रम के बाद उन्हें मां कामाख्या के मंदिर के सौंदर्यीकरण की परियोजना का शिलान्यास करने का मौका मिला है। जाहिर है कि अयोध्या में भगवान राम से लेकर असम में मां कामाख्या तक का नैरेटिव लोक लुभावन चुनावी रणनीति का ही हिस्सा है। अगले महीने के पहले या दूसरे हफ्ते में लोकसभा चुनाव की घोषणा होगी। उससे पहले पूरे एक महीने तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूरे देश में दौरे होंगे और हर राज्य में हजारों करोड़ रुपए की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास होगा। क्या इसे लोक लुभावन घोषणा में शामिल नहीं करेंगे?

ध्यान रहे पिछले काफी समय से लोक लुभावन घोषणाएं बजट में होनी बंद हो गई हैं। अब बजट से बाहर ऐसी बड़ी घोषणाएं होती हैं। मुफ्त अनाज की योजना की भी पहली बार घोषणा बजट में नहीं हुई थी। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से जितनी गारंटियों का जिक्रकिया जा रहा है उनमें से शायद ही कोई गारंटी होगी, जिसकी घोषणा बजट में की गई होगी। अब ज्यादातर घोषणाएं चुनावों से पहले और बजट से बाहर की जाती हैं। इसलिए संभव है कि चुनाव की घोषणा से पहले अगले एक महीने में कोई बड़ी घोषणा हो। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि देश के राजनीतिक हालात किस तरह से बढ़ते बदलते हैं। अगर विपक्षी पार्टियां एकजुट होती हैं। उनमें सीटों का बंटवारा सहज ढंग से होता है तो संभव है कि कुछ बड़ी बड़ी लोक लुभावन घोषणाएं हों या और भावनात्मक मुद्दे उछाले जाएं। अयोध्या में रामलला विराजमान हो चुके हैं लेकिन मथुरा और काशी का आंदोलन तेज हो गया है। आने वाले दिनों में इसके भी नए रूप देखने को मिलेंगे। मंडल और कमंडल दोनों की राजनीति को साधने के लिए कर्पूरी ठाकुर के बाद लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया है। यह सब चुनावी राजनीति का ही हिस्सा है। इसलिए बजट में कुछ घोषणाएं नहीं हुई हैं इसका यह मतलब नहीं है कि सरकार बिना किसी लोक लुभावन या भावनात्मक मुद्दे के चुनाव में जा रही है।

# फिर भी निशाना कांग्रेस!

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में निशाने पर कांग्रेस को रखा। पार्टी को गुजरे जमाने की कहानी बताया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडग़े जैसे नेताओं का मखौल भी उड़ाया। मोदी की इस शैली को अनेक लोग संसदीय मर्यादा के अनुरूप नहीं मानते।**

दोनों सदनों में मोदी के भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भाजपा अब भी इन दोनों को ही अपनी प्रमुख चुनौती मानती है।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों सदनों में निशाने पर कांग्रेस को रखा। पार्टी को गुजरे जमाने की कहानी बताया। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडग़े जैसे नेताओं का मखौल भी उड़ाया। मोदी की इस शैली को अनेक लोग संसदीय मर्यादा के अनुरूप नहीं मानते। लेकिन अब उनकी इस शैली से देश भलि–भांति परिचित हो चुका है। यह अपेक्षा अब शायद ही किसी को रहती होगी कि कम–से–कम संसद में बोलते वक्त नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री के अनुरूप बोलेंगे। इसलिए इस बिंदु को छोड़ते हुए उन्होंने जो कहा, उसके मतलब समझने पर लोग अब अधिक ध्यान देते हैं। इस बार दोनों सदनों में दिए उनके भाषण का सार रहा कि कांग्रेस भले आज बेहद कमजोर हो चुकी हो और कुछ बौद्धिक क्षेत्रों को छोड़ कर जवाहर लाल नेहरू की विरासत को शायद ही कहीं याद किया जाता हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (और संभवतः उसके मातृ संगठन आरएसएस) की नजर में अब भी ये दोनों को ही उसके लिए प्रमुख राजनीतिक चुनौती हैं। यह बात उसके व्यवहार में भी झलकती है।

2022–23 में राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान ह्यनफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकानह्न की जो उपमा उछाली, उससे बने प्रभाव को भाजपा ने पूरी गंभीरता से लिया। खुद राहुल गांधी ने भले उस कथानक को बीच में छोड़ दिया, लेकिन भाजपा ऐसे प्रयासों से उत्पन्न हो सकने वाली चुनौती को बेहतर समझती है। इसीलिए इस बार जब गांधी ने ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्न शुरू की, तो शुरू से ही उसकी चमक फीकी करने की रणनीति पर वह आगे बढ़ी है। इसके लिए कांग्रेस/इंडिया गठबंधन से पाला–बदल कराने का तरीका अपनाया गया है। मुरली देवड़ा और नीतीश कुमार इसकी मिसालें हैं। और इसी क्रम में राहुल की यात्रा के उत्तर प्रदेश में प्रवेश से ठीक पहले जयंत चौधरी के पाला–बदल के कयास को भी मीडिया में उछाला गया है। प्रधानमंत्री ने जिस तरह कांग्रेस और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोला और उन्हें मजाक का पात्र बनाने की कोशिश की, शायद वह भी भाजपा की इसी सुविचारित रणनीति का संकेत है।

# आखिरी तीन टेस्ट के लिए किया टीम इंडिया का एलान, राहुल—जडेजा की वापसी




नईदिल्ली, बीसीसीआई ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए टीम इंडिया का एलान कर दिया है. एक नए चेहरे को भी टीम में मौका मिला है. वहीं केएल राहुल और रवींद्र जडेजा की टीम में वापसी हुई है. इसके अलावा विराट कोहली अंतिम तीन टेस्ट में भी टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं.

बीसीसीआई ने आखिरी तीन टेस्ट के लिए 17 सदस्यीय टीम इंडिया का एलान किया है. तेज गेंदबाजी विभाग में उपकप्तान जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और मुकेश कुमार के साथ युवा आकाश दीप को भी टीम में शामिल किया गया है. वहीं स्पिन विभाग में रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के साथ वाशिंगटन सुंदर को भी जगह मिली है.

स्टार बल्लेबाज और पूर्व कप्तान विराट कोहली की आखिरी तीन टेस्ट के लिए भी टीम में वापसी नहीं हुई. वह निजी कारणों की वजह से पहले दो टेस्ट में भी टीम इंडिया का हिस्सा नहीं थे. वहीं श्रेयस अय्यर चोटिल होने की वजह से आखिरी तीन टेस्ट में टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे. वह पूरी सीरीज से बाहर हो गए हैं.बीसीसीआई ने टीम के एलान के साथ प्रेस रिलीज में कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों की वजह से सीरीज के बाकी तीन टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे. बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है.

रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की भागीदारी बीसीसीआई मेडिकल टीम से फिटनेस मंजूरी के अधीन है. इसका मतलब है कि जब बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन्हें मैच फिट घोषित कर देगी, तभी उन्हें प्लेइंग इलेवन में जगह मिलेगी.

भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच 15 फरवरी, 2024 को राजकोट में शुरू होगा, जबकि चौथा टेस्ट 23 फरवरी, 2024 से रांची में शुरू होगा. सीरीज का पांचवां और अंतिम टेस्ट 07 मार्च, 2024 से धर्मशाला में खेला जाएगा.

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम– रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप.

# विराट से जुड़ी गलत खबर देने पर डिविलियर्स ने मांगी माफी



जोहान्सबर्ग ,अनुष्का शर्मा इन दिनों अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। इससे जुड़ी कई खबरें सामने आ चुकी हैं। हालांकि, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने अब तक ऐसी कोई जानकारी साझा नहीं की है, लेकिन इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने इस खबर पर मुहर लगा दी थी। मगर, अब वो भी अपने बयान से पलट चुके हैं। एबी डिविलियर्स ने इसके लिए माफी मांग ली है और कहा है कि उनसे बहुत बड़ी गलती हो गई है।

डिविलियर्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर में अपने कार्यकाल और मैदान के बाहर पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली के खास दोस्त रहे हैं।डिविलियर्स ने कहा, बिल्कुल परिवार पहले आता है, यह प्राथमिकता है, जैसा कि मैंने अपने यूट्यूब शो में कहा था। मैंने उसी समय एक बड़ी गलती की और हां गलत जानकारी साझा की, जो बिल्कुल भी सच नहीं थी।किसी को नहीं पता कि विराट इस समय कहां हैं। विराट के ब्रेक लेने का कारण जो भी हो, आशा है कि वह मजबूती से टीम में वापसी करेंगे। इससे पहले डिविलियर्स ने कहा था कि कोहली दूसरी बार पिता बनने वाले हैं और यह उनका पारिवारिक समय है। यह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पसंद नहीं आया और उन्होंने इंग्लैंड सीरीज को मिस करने के लिए कोहली की आलोचना की। हालांकि, अब दक्षिण अफ्रीकी स्टार ने अपना बयान बदल दिया और स्थिति को शांत करने की कोशिश की। इंग्लैंड सीरीज शुरू होने से तीन दिन पहले 22 जनवरी को बीसीसीआई ने घोषणा की कि कोहली व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हो गए हैं।

# क्रिकेट में भारत के पास अद्भुत गहराई है, अंडर—19 फाइनल मैच दिलचस्प होगा: डिविलियर्स



जोहान्सबर्ग, पूर्व द.अफ्रीकी क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने पहले सेमीफाइनल में मेजबान दक्षिण अफ्रीका पर जीत के बाद अंडर–19 भारतीय टीम की जमकर प्रशंसा की।भारत ने रिकॉर्ड छठे अंडर–19 विश्व कप खिताब की राह पर उदय सहारन की अगुवाई में प्रोटियाज़ को दो विकेट से हराकर नौवीं बार और लगातार पांचवीं बार शिखर फाइनल मुकाबले में जगह बनाई।

वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में ह्यूग वीबजेन की अगुवाई वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को एक विकेट से हराया। भारत का सामना अब रविवार को खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से होगा। डिविलियर्स ने दक्षिण अफ्रीका की हार पर निराशा व्यक्त की, लेकिन सेमीफाइनल में जिस तरह से भारतीय टीम ने जीत दर्ज की उसकी प्रशंसा भी की।

उन्होंने कहा, हां, मैं अंडर19 विश्व कप पर नजर रख रहा हूं। दो करीबी सेमीफाइनल मैच थे। खास–कर ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान का मैच बेहद रोमांचक रहा। ऑस्ट्रेलियाई टीम के नौ विकेट गिर चुके थे लेकिन वे वापसी करने में कामयाब रहे जैसा कि वे बड़े क्षणों में करते हैं।

इसके अलावा भारत–दक्षिण अफ्रीका का मैच भी करीबी था। शुरुआती चार विकेट लेने के बावजूद दक्षिण अफ्रीका दबाव बनाने में नाकाम रहा। भारत ने शानदार वापसी की और सेमीफाइनल जीता। इससे पता चलता है कि भारत के पास क्रिकेट में अद्भुत गहराई है। ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच फाइनल दिलचस्प होगा।

# डलास ओपन: सेमीफाइनल में पॉल का मुकाबला शेल्टन से



डलास (अमेरिका), अमेरिका के टॉमी पॉल ने शुक्रवार को कड़े क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जर्मनी के डोमिनिक कोएफर् को हराकर 7–5, 6–3 से जीत हासिल की और डलास ओपन में अपनी दूसरी एटीपी टूर ट्रॉफी के करीब एक कदम आगे बढ़ गए।

मैच में गहन आदान–प्रदान हुआ और पहले सेट में ही पांच बार सर्विस ब्रेक हुई। हालाँकि, यह दूसरी वरीयता प्राप्त पॉल था जो 11वें गेम में प्यार में एक महत्वपूर्ण ब्रेक हासिल करने में सफल रहा, जिससे उसे सेट में बढ़त मिल गई। अवसरों को भुनाने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाने वाले पॉल ने कोएफर् की दूसरी सर्व का पूरा फायदा उठाया और पूरे मैच में असाधारण कोर्ट कवरेज का प्रदर्शन किया।

अंतिम गेम में 40–0 की बढ़त को खिसकने देने के बावजूद, पॉल ने अपने पांचवें मैच प्वाइंट पर एक घंटे, 28 मिनट की प्रतियोगिता को समाप्त कर दिया।

पॉल के लिए अगला मुकाबला बेन शेल्टन के खिलाफ एक पूर्ण अमेरिकी सेमीफाइनल मुकाबला है, जिन्होंने जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ अपने क्वार्टर फाइनल मैच में उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया था। तीसरी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने एक सेट से पिछड़ने के बाद कड़ी मेहनत करते हुए जॉर्डन थॉम्पसन के खिलाफ 7(2), 6–4, 6–4 से जीत हासिल की और पॉल के साथ एक रोमांचक मुकाबले के लिए मंच तैयार किया।इस बीच, मार्कोस गिरोन ने शीर्ष वरीय फ्रांसेस टियाफो को सीधे सेटों में 6–1, 6–4 से हराकर प्रभावशाली उलटफेर किया। गिरोन के प्रभावशाली प्रदर्शन ने उन्हें अक्टूबर 2023 के बाद अपनी पहली शीर्ष 20 जीत दिलाई, और अब उनकी नजरें सेमीफाइनल पर हैं जहां उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त एड्रियन मन्नारिनो से होगा।

अन्य क्वार्टर फाइनल मैचअप में, मन्नारिनो ने जेम्स डकवर्थ के खिलाफ 6–2, 3–1 से ठोस प्रदर्शन करके अपना स्थान सुरक्षित कर लिया, जिन्हें चोट के कारण रिटायर होने के लिए मजबूर होना पड़ा। पॉल और गिरोन दोनों का लक्ष्य अपनी जीत की गति को जारी रखना है, और शेल्टन और मन्नारिनो जीत का दावा करने के लिए उत्सुक हैं, डलास ओपन के एक रोमांचक समापन के लिए मंच तैयार है।

# डेविड वार्नर टी–20 विश्व कप के बाद लेंगे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास, खुद की पुष्टि

नईदिल्ली, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज डेविड वार्नर इस साल होने वाले टी–20 विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।वार्नर ने होबार्ट में वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ पहले टी–20 में 11 रन से जीत दर्ज करने के बाद खुद इसकी पुष्टि की है।बता दें कि वार्नर टेस्ट और वनडे से पहले ही संन्यास ले चुके हैं और अभी केवल टी–20 क्रिकेट खेल रहे हैं।

मैच के बाद वार्नर ने कहा, जीत हासिल करके खुशी हुई। मैं काफी उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मैं टी–20 विश्व कप खेलना चाहता हूं और वहीं खत्म करना चाहता हूं। अगले 6 महीने काफी अच्छे रहने वाले हैं।इससे पहले वार्नर ने कहा था कि अगर टीम को जरूरत पड़ती है तो वह 2025 में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वनडे संन्यास से वापसी कर सकते हैं। हालांकि, यह आने वाला समय ही बता पाएगा।




वार्नर ने वनडे विश्व कप 2023 के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसका खिताब भी कंगारू टीम ने ही अपने नाम किया था।इसी तरह उन्होंने पिछले महीने पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के बाद अपने टेस्ट करियर को भी अलविदा कह दिया था।विशेष रूप से, वार्नर ने होबार्ट टी–20 में 36 गेंदों में 70 रनों की सनसनीखेज पारी खेली और अपने 100वें मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार भी जीता।

वार्नर ने अपने शानदार वनडे करियर का अंत इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के छठे सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में किया।उन्होंने 161 मैचों में 45.30 की शानदार औसत से 6,932 रन बनाए। इसके अलावा उनकी स्ट्राइक रेट भी 97.26 की रही।इस प्रारूप में उनके 22 शतक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में रिकी पोंटिंग (30) के बाद दूसरे स्थान पर है।बाएं हाथ के बल्लेबाज के नाम 33 अर्द्धशतक भी हैं, जिसमें 179 उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर है।

वार्नर ने अपना टेस्ट डेब्यू दिसंबर 2011 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ ब्रिस्बेन में किया था।37 वर्षीय खिलाड़ी ने इस प्रारूप में 112 मैचों में 44.59 की औसत से 8,786 रन बनाए। इस अनुभवी खिलाड़ी ने इस प्रारूप में 26 शतक और 37 अर्द्धशतक लगाए। सूची में 3 दोहरे शतक और 1 तिहरा शतक भी शामिल है।उन्होंने घरेलू मैदान पर 57.85 की औसत से 5,438 टेस्ट रन बनाए हैं। इसमें 20 शतक भी शामिल हैं।

वार्नर ने टी–20 अंतरराष्ट्रीय में 33.30 की औसत से 2,964 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 25 अर्धशतक और 1 शतक भी जड़ा है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com